पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से सुश्री मायावती ने शिष्टाचारिक भेंट की

लखनऊः 03 सितम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री, सुश्री मायावती ने शिष्टाचारिक भेंट की। राज्यपाल को उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था, बिजली, सूखा एवं बाढ़ से संबंधित विषयों पर जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल इससे पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अमित शाह, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री मुलायम सिंह यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्षा, श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी तथा अन्य राजनैतिक दलों के नेताओं से शिष्टाचारिक भेंट कर चुके हैं।

अन्जुम/रा0/राजभवन